दिनांक 19.09.2026

-प्रेस नोट-

**"ऑपरेशन सवेरा"**

## "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 111 ग्राम अवैध चरस बरामद

*अवगत कराना है कि श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी/बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में* ***"ऑपरेशन सवेरा" – "नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर"*** *अभियान चलाया जा रहा है।*

*अभियान के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम नगर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 19.09.2026 को थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त* ***उस्मान उर्फ़ जोजो पुत्र इस्लाम निवासी चाँद कॉलोनी कमला कॉलोनी निकट हलवाइयान मस्जिद थाना कोतवाली मंडी जिला सहारनपुर*** *को कमेला रोड छोटी नहर से पहले सरकारी कमेला के सामने से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कुल 111 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मण्डी पर मु0अ0सं0 479/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उस्मान उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACKWARD लिंको की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*उस्मान उर्फ़ जोजो पुत्र इस्लाम निवासी चाँद कॉलोनी कमला कॉलोनी निकट हलवाइयान मस्जिद थाना कोतवाली मंडी जिला सहारनपुर।*

***बरामदगी का विवरण-***

- *111 ग्राम अवैध चरस*

***गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास –***

1. *मु0अ0सं0 247/2025 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर।*
2. *मु0अ0सं0 302/2026 धारा 115(2)/191(2)324(4)351(3)/352 बीएनएस थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर।*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-***

1. *प्र0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 श्री सुशील कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
3. *है0का0 552 हरेन्द्र कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*

दिनांकः 19.09-2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा बाद मुठभेड गौकशी करने वाले एक घायल सहित कुल 02 शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा/खोखा कारतूस .315 बोर, गौकशी के उपकरण व 01 जिंदा गौवंश व 01 स्कूटी बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, गोकशी, हत्या, चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, छिनैती, अवैध नशे के कारोबार जैसे आदि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व इन घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन गस्त/चैकिंग की जा रही है।*

*इसी क्रम में आज दिनांक 18/19.09.2026 की रात्रि को थाना गागलहेडी पुलिस टीम द्वारा ग्राम अमरपुर, चौकी काली नदी क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम अमरपुर से ग्राम सिकन्दरपुर जाने वाले रास्ते पर पोपलर के खेत में कुछ व्यक्ति गोकशी करने की फिराक में है। इस सूचना पर विश्वास करते हुये जैसे ही पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताये गये पोपलर के खेत के पास पहुँची व टोर्च की रोशनी से देखा तो की 5-6 व्यक्ति गोकशी करने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस टीम को अपने नजदीक आता देख गोकशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 गोकश / अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल गोकश /अभियुक्त की पहचान **असलम पुत्र अलताफ निवासी ग्राम कैलाशपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर** के रुप में हुई, तथा मौके पर एक अन्य अभियुक्त **अबुजर उर्फ अजहर पुत्र प्रवेज निवासी कैलाशपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। अन्य बदमाश अंधेरा व जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। फरार बदमाश की तलाश हेतु लगातार कॉम्बिंग की जा रही है। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर, 01 जिंदा / 01 खोखा कारतूस .315 बोर, 01 स्कूटी रंग काला, गोकशी करने के उपकरण, 01 जिंदा गोवंश बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना गागलहेड़ी पर मु0अ0सं0 268/2026 धारा-109(1)/3(5) बी0एन0एस0 व 3/5/8 गौवध निवारण अधि0 व 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना गागलहेड़ी सहारनपुर पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. असलम पुत्र अल्ताफ निवासी ग्राम कैलाशपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर (घायल अवस्था में)
2. अबुजर उर्फ अजहर पुत्र परवेज निवासी ग्राम कैलाशपुर थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर।

### गिरफ्तार अभियुक्त असलम का आपराधिक इतिहास–

1. मु0अ0स0 - 0151/2026 धारा 3/5/8 सीएसएक्ट थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।

### बरामदगी का विवरणः–

- *01 स्कूटी रंग काला न0- UP11CZ1832*
- *01 तमंचा .315 बोर, मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर मय 01 खोखा कारतूस.315 बोर*
- *01 मोबाइल फोन (वीवो)*
- *01 मोबाइल फोन( छोटा की-पैड रंग ग्रे)*
- *गौकशी के उपकरण (03 छुरी, 01 कुल्हाडी, 01 लकडी का गुटका, 03 प्लास्टिक के कट्टे व 02 रस्सी के टुकडे)*
- *01 जिन्दा गौवंश*

***<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -</u>***

1. *थाना प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।*
2. *व0उ0नि0 श्री अतुल कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।*
3. *उ0नि0 श्री अजय कसाना चौकी प्रभारी काली नदी थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।*
4. *उ0नि0 श्री अभिनव कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।*
5. *उ0नि0 श्री रविकान्त गिरि थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।*
6. *फील्ड यूनिट प्रभारी उ0नि0 श्री साबिर अली जनपद सहारनपुर ।*
7. *हे0का0 342 आशीष कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।*
8. *मय हे0का0 286 मोहित शर्मा थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।*
9. *का0 1755 अनुज कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर ।*
10. *का0 1345 सुशान्त कपिल थाना गागालहेडी जनपद सहारनपुर ।*
11. *का0 678 सन्नी देवल थाना गागालहेडी जनपद सहारनपुर ।*
12. *रि0का0 886 रजत दिवाकर थाना गागालहेडी जनपद सहारनपुर ।*

-प्रेस नोट-

दिनांक 19.09.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध चाकू (छुरी) बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अवैध अस्लाह रखने वाले व तस्करी की रोकथाम व कारोबार में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस द्वारा आज दिनांक 19.09.2026 को गस्त व चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त* ***सुहैल पुत्र शकील अहमद निवासी मछियारान मौ0 सराय श्यामूद्दीन थाना कुतुबशेर सहारनपुर*** *को मण्डी समिति में कुडे के ढेर के पास खण्डहर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मण्डी पर मु0अ0सं0 480/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

*सुहैल पुत्र शकील अहमद निवासी मछियारान मौ0 सराय श्यामूद्दीन थाना कुतबशेर सहारनपुर।*

**बरामदगी का विवरण-**

- *01 अवैध चाकू*

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. *मु0अ0सं0 275/2022 धारा 380/411/457 भा0दा0वि0 थाना नागल जनपद सहारनपुर।*
2. *मु0अ0सं0 043/2025 धारा 305ए/317(2) भा0दा0वि0 थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
3. *मु0अ0सं0 84/2023 धारा 380/411 भादवि थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
4. *मु0अ0सं0 201/2023 धारा 63 आबकारी अधि0 थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. *प्र0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह राणा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 श्री जगपाल सिंह थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
3. *है0का0 235 विनित कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
4. *का0 2358 तरूण कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांकः 19.09.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## आपरेशन मुस्कान' के अंतर्गत थाना मण्डी मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 02 गुमशुदा बालिकाओ को तलाश कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया ।

*अवगत कराना है कि दिनांक 18.09.2026 को वादी द्वारा थाना मण्ड़ी पर आकर बताया कि वादी की 02 पुत्रिया किसी कारण नाराज होकर घर से कहीं चली गई है ।*

*घटना की गंभीरता को देखते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर महोदय द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर गुमशुदा बालिकाओ की तलाश हेतु सम्बन्धित को आदेश निर्देश दिए।*

*आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में,क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम महोदय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डी मिशन शक्ति टीम ने त्वरित प्रभावी कार्यवाही कर मात्र 10 घण्टे मे उपरोक्त दोनो बालिकाओ को थाना मण्डी पुलिस टीम व मिशन शक्ति टीम के संयुक्त प्रयास से सकुशल बरामद किया गया । एवं नियमानुसार बालिकाओ को उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया । बालिकाओ के परिजनों ने थाना मण्डी पुलिस टीम व मिशन शक्ति टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया ।*

***तलाश करने वाली पुलिस टीम –***

1. *प्र0नि0 श्री वीरेन्द्र सिह राणा थाना मण्डी सहारनपुर*
2. *उ0नि0 श्री अय्यूब अली थाना मण्डी सहारनपुर*
3. *है0का0 1233 विपिन कुमार थाना मण्डी सहारनपुर*
4. *है0का0 848 कपिल कुमार थाना मण्डी सहारनपुर*
5. *है0का0 09 महबूब अली थाना मण्डी सहारनपुर*
6. *का0 1570 रवि कुमार थाना मण्डी सहारनपुर*
7. *म0है0का0 494 अर्चना थाना मण्डी सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 19-09-2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनाँक 28.08.2026 को वादी की दाखिला तहरीर बावत अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना फतेहपुर पर मु0अ0सं0 341/26 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नाबालिग अपहर्ता को सकुशल बरामद करते हुए अभियुक्त सनव्वर पुत्र बिलाल निवासी बारो मनोरा थाना चकुलिया जिला दिनाजपुर पश्चिम बंगाल का नाम प्रकाश मे आया एवं साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 65(1) बीएनएस व 4(2) पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना के तत्काल संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये। आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त **सनव्वर पुत्र बिलाल निवासी बारो मनोरा थाना चकुलिया जिला दिनाजपुर पश्चिम बंगाल** को अभियुक्त के मस्कन बारो मनोरा थाना चकुलिया जिला दिनाजपुर पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –**

सनव्वर पुत्र बिलाल निवासी बारो मनोरा थाना चकुलिया जिला दिनाजपुर पश्चिम बंगाल।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार सिंह थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री मशकूर अली थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर।
3. है0का0 717 सुनील कुमार थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर।
4. म0का0 832 ममता थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर।

दिनांक: 19.09-2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर चोरी किये गये 01 मोबाइल फोन, 01 गैस सिलेन्डर व 1640/- रुपये नकद बरामद

**घटनाओं का विवरण:**

दिनांक 20.08.2026 को वादी राम भवन पुत्र राम देव मूल निवासी बनगाँव सीरपुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गौन्डा वर्तमान पता अवध सेवा समिति हनुमान मन्दिर माधव विहार कालोनी सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा मन्दिर से वादी का मोबाइल फोन चोरी व सिलेन्डर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना मण्डी पर मु0अ0सं0 431/2026 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

**पुलिस कार्यवाही:-**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, जिनके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक मण्डी श्री वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 19.09.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान मे उपरोक्त मुकदमों में मोबाइल चोरी की घटनाओं में प्रकाश में आये 01 वांछित **अभियुक्त राजेश उर्फ ठुल्लू पुत्र मदनलाल नि0 श्यामपुरी बगीची थाना मंडी जनपद सहारनपुर** को **मण्डी समिति परिसर में कूड़े के ढेर के पास खण्डहरों के** पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशानदेही पर उपरोक्त मुकदमों में चोरी किया गया 01 मोबाइल व 01 गैस सिलेन्डर बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मण्डी पर **मु0अ0सं0-431/2026 धारा- 305(ए)/317(2) बी.एन.एस प**ंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

राजेश उर्फ ठुल्लू पुत्र मदनलाल नि0 श्यामपुरी बगीची थाना मंडी जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

- 01 मोबाइल फोन OPPO A7
- 1640/- रुपये नकद
- 01 गैस सिलेन्डर

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास:-**

1. मु0अ0सं0 187/2022 धारा 307 भादवि थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।
2. मु0अ0सं0 305/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना मण्डी सहारनपुर।
3. मु0अ0सं0-309/2024 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. प्र0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह राणा थाना मण्डी सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री आकाश कुमार थाना मण्डी सहारनपुर

3. है0का0 09 महबूब अली थाना मण्डी सहारनपुर
4. है0का0 1233 विपिन कुमार थाना मण्डी सहारनपुर
5. का0 1570 रवि कुमार थाना मण्डी सहारनपुर।

दिनांकः 19.09-2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर/अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही पर चोरी किये गये 01 मोबाइल फोन, 01 गैस सिलेन्डर व 1640/- रुपये नकद बरामद

**घटनाओं का विवरणः**

दिनांक 20.08.2026 को वादी राम भवन पुत्र राम देव मूल निवासी बनगाँव सीरपुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गौन्डा वर्तमान पता अवध सेवा समिति हनुमान मन्दिर माधव विहार कालोनी सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा मन्दिर से वादी का मोबाइल फोन चोरी व सिलेन्डर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना मण्डी पर मु0अ0सं0 431/2026 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

**पुलिस कार्यवाहीः-**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, जिनके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक मण्डी श्री वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 19.09.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान मे उपरोक्त मुकदमों में मोबाइल चोरी की घटनाओं में प्रकाश में आये 01 वांछित **अभियुक्त राजेश उर्फ ठुल्लू पुत्र मदनलाल नि0 श्यामपुरी बगीची थाना मंडी जनपद सहारनपुर** को **मण्डी समिति परिसर में कूड़े के ढेर के पास खण्डहरों के** पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशानदेही पर उपरोक्त मुकदमों में चोरी किया गया 01 मोबाइल व 01 गैस सिलेन्डर बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मण्डी पर **मु0अ0सं0-431/2026 धारा- 305(ए)/317(2) बी.एन.एस प**ंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

राजेश उर्फ ठुल्लू पुत्र मदनलाल नि0 श्यामपुरी बगीची थाना मंडी जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

- 01 मोबाइल फोन OPPO A7
- 1640/- रुपये नकद
- 01 गैस सिलेन्डर

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 187/2022 धारा 307 भादवि थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।
2. मु0अ0सं0 305/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना मण्डी सहारनपुर।
3. मु0अ0सं0-309/2024 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. प्र0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह राणा थाना मण्डी सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री आकाश कुमार थाना मण्डी सहारनपुर

3. *है0का0 09 महबूब अली थाना मण्डी सहारनपुर*
4. *है0का0 1233 विपिन कुमार थाना मण्डी सहारनपुर*
5. *का0 1570 रवि कुमार थाना मण्डी सहारनपुर।*

दिनांक:19.09.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा धोखाधड़ी के मुकदमें में 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**घटना का विवरणः-**

*दिनांक 10.03.2025 को वादी श्री सम्राट सिंह पुत्र योगेश कुमार शर्मा निवासी ग्राम शेखपुर छाछरेकी डा पुण्डेन थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर द्वारा एक लिखित तहरीर के आधार पर पंजाब नेशनल बैंक, सिविल लाइन, सहारनपुर बावत अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र श्री शीशपाल निवासी ग्राम करील डा0 सोनाई थाना मुरसान जिला हाथरस द्वारा धोखाधडी कर फर्जी व कूचरचित दस्तावेज तैयार करके अनुचित लाभ प्राप्त करने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 117/25 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।*

**पुलिस कार्यवाहीः-**

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार श्री नेमचन्द सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 19.09.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त* ***शीशपाल उर्फ शशिपाल सिंह नि0 ग्राम करील पोस्ट सोनई थाना मुरसान जिला हाथरस*** *को गली नं0-02 गिल कालोनी तिराहा कोर्ट रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।*

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः–**

*शीशपाल उर्फ शशिपाल सिंह निवासी ग्राम करील पोस्ट सोनई थाना मुरसान जिला हाथरस ।*

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

1. *मु0अ0स0 41/21 धारा 307.323.324.325.504.506 भादवि थाना गागलहेडी सहारनपुर ।*
2. *मु0अ0स0 75/21 धारा 394.411 भादवि थाना गागलहेडी सहारनपुर ।*
3. *मु0अ0स0 79/21 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम भादवि थाना गागलहेडी सहारनपुर ।*
4. *मु0अ0स0 198/23 धारा 406.420.506 भादवि थाना गागलहेडी सहारनपुर ।*

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः–**

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री नेमचन्द सिंह थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर ।*
2. *उ0नि0 श्री गौरव कुमार थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर ।*
3. *है0का0 1041 सोहित कुमार थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर*
4. *है0का0 1077 अरूण कुमार थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर ।*
5. *है0का0 867 प्रवीण त्यागी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर ।*
6. *रि0का0 2140 अजय कुमार थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर ।*

दिनांकः19.09.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी पुलिस द्वारा चोरी के तीन अलग-अलग मुकदमों में वांछित 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 पंखा बरामद

*अवगत कराना है कि दिनांक 27.07.2026 को वादी द्वारा लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना मण्डी पर 389/2026 धारा 303(2)/61(2)/317(2) बीएनएस एवं मु0अ0सं0 390/2026 धारा 305(ए) तथा दिनांक 27.07.2026 को मु0अ0स0 391/26 धारा 303(2)/ 61(2)/ 317(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त चोरी की घटनाओं का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, जिनके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 18.09.2026 को थाना मण्डी पुलिस द्वारा गस्त व चैकिंग के दौरान **01 शातिर अभियुक्त सलमान उर्फ गोलू पुत्र मतलूब निवासी नूरबस्ती छप्परवाली मस्जिद थाना कोतवाली नगर सहारनपुर** को मीठ मार्केट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे 01 चोरी का पंखा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा।*

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

*सलमान उर्फ गोलू पुत्र मतलूब निवासी नूरबस्ती छप्परवाली मस्जिद थाना कोतवाली नगर सहारनपुर।*

### बरामदगी का विवरण-

- *01 पंखा बरामद*

### गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

*मु0अ0सं0 06/2025 धारा 4/25 आर्मस एक्ट थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर।*

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. *प्र0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह राणा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 श्री पंकज मिश्रा थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
3. *उ0नि0 श्री उपेन्द्र सिंह थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*
4. *का0 2308 प्रवीण कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*

दिनाँक 19-09-2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट पुलिस द्वारा 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अवैध चाकू बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शस्त्र रखने वाले व इनकी तस्करी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह दीखित के कुशल नेतृत्वं में आज दिनांक 19.09.2026 को थाना बेहट पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान* ***02 शातिर अभियुक्तगण 1. राशिद पुत्र हाफिजुर्रहमान निवासी ग्राम नियामतपुर थाना बेहट जिला सहारनपुर 2.जाविर पुत्र कासिम निवासी ग्राम नियामतपुर थाना बेहट जिला सहारनपुर*** *को ग्राम बरौली- पटलोकर सडक के पास से अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना बेहट पर मु0अ0सं0- 384/2026 धारा- 4/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-

1. राशिद पुत्र हाफिजुर्रहमान निवासी ग्राम नियामतपुर थाना बेहट जिला सहारनपुर ।
2. जाविर पुत्र कासिम निवासी ग्राम नियामतपुर थाना बेहट जिला सहारनपुर ।

### अभियुक्त जाबिर उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः

मु0अ0सं0 533/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बेहट जनपद सहारनपुर ।

### बरामदगी का विवरणः-

- 02 अवैध चाकू बरामद

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री सुरेन्द्र शर्मा थाना बेहट जनपद सहारनपुर ।
2. हे0का0 109 संजीव कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर ।
3. रि0का0 460 विमल कुमार थाना बेहट जनपद सहारनपुर ।
4. रि0का0 489 अंकित भारती थाना बेहट जनपद सहारनपुर ।

दिनाँक 19-09-2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट पुलिस द्वारा शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

### घटना का विवरणः-

*दिनांक 08.07.2026 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1.शाकिब पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मिलको मझाडी थाना बेहट जनपद सहारनपुर 2. अहसान अंसारी पुत्र इमरान निवासी ग्राम नानौली थाना बेहट जिला सहारनपुर 3. चार व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा वादी की पुत्री के साथ छेडछाड करना, अश्लील हरकते करना तथा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना बेहट पर मु0अ0स0 281/26 धारा 74/75(1) बीएनएस पंजीकृत कराया गया। दौराने विवेचनात्मक कार्यवाही अभियोग में धारा 69 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।*

### पुलिस कार्यवाहीः-

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे । आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह दीखित के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 19.09.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में दुष्कर्म के मुकदमें में* ***वांछित अभियुक्त शाकिब पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मिलको मझाडी थाना बेहट जनपद सहारनपुर*** *को ग्राम सलेमपुरगदा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।*

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

*शाकिब पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मिलको मझाडी थाना बेहट जनपद सहारनपुर ।*

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. *उ0नि0 श्री मो0 उमर थाना बेहट जनपद सहारनपुर ।*
2. *उ0नि0 श्री धीरज सिंह थाना बेहट जनपद सहारनपुर ।*
3. *है0का0 902 गोविन्द सिंह थाना बेहट जनपद सहारनपुर ।*

**दिनाँक 19-09-2026**

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 26.06.2026 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1.सन्नी निवासी नियर हसनपुर चुंगी 2. प्रिंस 3. रजत निवासी बहादरपुर उर्फ सहरी 4.पर्याश तथा उनके साथ 2-3 अन्य अज्ञात व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा वादी के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलोच करने के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0-288/26 धारा-191/115(2)/352/109(1) बीएनएस व 3(2)5 एससीएसटी एक्ट पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश निर्देश निर्गत किये गये। आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 19.09.2026 को थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए वादी के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट कर जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर गाली गलौच करना करने के सम्बन्ध मे वांछित अभियुक्त रजत पुत्र राजवीर निवासी बहादरपुर आहत थाना कोतवाली देहात जिला सहारनपुर को नाटक कलब से गिरफ्तार किया गया। दौराने विवेचना मुकदमा मे धारा 3(5) बीएनएस की वृद्वि की गयी व धारा 191 बीएनएस का लोप किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः -**

रजत पुत्र राजवीर निवासी बहादरपुर आहत थाना कोतवाली देहात जिला सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नामः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार त्यागी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 भूपेश शर्मा मय थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
3. का0 1806 आशीष कुमार थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।
4. का01 1806 योगेश शर्मा थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 19.09.2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना बडगाँव पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा नाबालिग लडके को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया

**घटना का विवरण –**

*अवगत कराना है कि दिनांक 11.08.2026 को थाना बडगांव क्षेत्र के गांव सहजी से एक नाबालिक लडका उम्र करीब 15 वर्ष घर से बिना बताये कही चला गया था जिस सम्बन्ध मे थाना बडगांव पर दिनांक 12.08.2026 की वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 205/26 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। नाबालिक लडके की सकुशल बरामदगी हेतु तत्काल उच्चाधिकारीगण को अवगत कराते हुए थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया था।*

**पुलिस कार्यवाही –**

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में गुमशुदा/लावारिश/ घर से बिछड़े बच्चों की तलाश हेतु* ***आपरेशन मुस्कान*** *अभियान चलाया जा रहा है। जिसके दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी बडगांव श्री नरेन्द्र भडाना के कुशल नेतृत्व में थाना बडगांव पुलिस द्वारा आज दिनांक 19.09.2026 को मुकदमा उपरोक्त में प्रभावी कार्यवाही करते हुए उपरोक्त में गुमशुदा नाबालिग ल**डके को** अन्य राज्य से सकुशल बरामद कर लिया गया है तथा उसके परिजनो को सूचना दी गयी जिसके बाद अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के पश्चात गुमशुदा लडके को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। अपने बेटे को सकुशल पाकर परिजनों ने थाना बडगांव पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।*

**पुलिस पार्टी का नाम**

1. श्री नरेन्द्र भडाना थाना प्रभारी थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री हितेश कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
3. रि0कां0 232 ललित कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
4. म0हे0कां0 743 अन्जू सोम थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।